**भा कृ अनु प- -केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान,मुंबई द्वारा दिनांक 13/12/24 को चार बंगला फिश मार्केट तथा दिनांक 20/12/24 को मरोल ड्राई फिश मार्केट में शोध परियोजना के अंतर्गत स्वच्छता कार्य योजना (एसएपी) और शहरी मछली बाजारों से मछली अपशिष्ट का वाणिज्यिक उपयोग के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का प्रतिवेदन**

भा कृ अनु प- -केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान,मुंबई ने दिनांक 13/12/24 को चार बंगला फिश मार्केट और दिनांक 20/12/24 को मरोल ड्राई फिश मार्केट में शोध परियोजना स्वच्छता कार्य योजना (एसएपी) और शहरी मछली बाजारों से मछली अपशिष्ट का वाणिज्यिक उपयोग के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। आईसीएआर-सीआईएफई, मुंबई के निदेशक डॉ. रविशंकर सी.एन.एवं संयुक्त निदेशक डॉ. एन.पी. साहू के नेतृत्व में चार बंगला मछली बाजार के स्वच्छता/गहन सफाई कार्यक्रम का समन्वयन परियोजना टीम डॉ. प्रेम कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, एफएनबीपी विभाग और डॉ. अर्पिता शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक और विभागाध्यक्ष , द्वारा किया गया और मरोल सूखी मछली बाजार की सफाई का समन्वयन डॉ. अर्पिता शर्मा द्वारा किया गया। एफईईएस विभाग के शोधकर्त्ता शुभम सोनी, राम कुर्मी, कम्मोनलाल, रोहित कुमार, वाड्रा जे, श्रेया राव, स्वीटी कुमार और संविदा कर्मचारियों ने इस स्वच्छता कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। स्वच्छ भारत मिशन के लोकाचार को दर्शाते हुए, इस कार्यक्रम ने मछली विक्रेताओं और स्वयंसेवकों को अपने बाजार में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मत्स्य सहकारी समिति/मछली विक्रेताओं को इनपुट वितरण भी किया गया, जिसकी बहुत सराहना की गई। मछली बाजार के मछली विक्रेताओं ने मछली बाजारों में नियमित आधार पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आईसीएआर-सीआईएफई और सभी सफाई मार्शलों को हार्दिक धन्यवाद दिया।










मछली बाज़ारों का
स्वच्छता एक्शन प्लान
Swacchta Action Plan for
Fish Markets


मछली बाज़ारों का
स्वच्छता एक्शन प्लान
Swacchta Action Plan for
Fish Markets
स्वच्छता है महा अभियान,
स्वच्छता में दीजिए अपना योगदान
भा. कृ. अनु. प. - केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान
ICAR- Central Institute of Fisheries Education
(University under Sec. 3 of UGC Act), Indian Council of Agricultural Research
Panch Marg, Off Yari Road, Versova, Andheri (W), Mumbai 400 061


मछली बाज़ारों का
स्वच्छता एक्शन प्लान
Swacchta Action Plan for
Fish Markets
स्वच्छता है महा अभियान
स्वच्छता एक्शन प्लान
Swacchta Action Plan for
Fish Markets